# सांसद कस्वा ने 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत सेवानिवृत कर्मचारियों से मुलाकात की

**सादुलपुर, (निसं)।** चूरू सांसद राहुल कस्वां ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे 'सम्पर्क से समर्थन' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सादुलपुर विधानसभा के गाँव हमीरवास में सेवानिवृत शिक्षाविदों, सैन्य कर्मियों व अन्य सेवानिवृत कर्मचारियों से मुलाकात की।

इस दौरान सांसद कस्वां ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत कर्मचारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ अहम मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही 9 वर्ष में हुए विकास कार्यों की पुस्तिका 'सेवा के 9 वर्ष' उन्हें भेंट की। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार ने शिक्षा के ढाचें में अहम बदलाव करने का कार्य किया है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ-साथ नव भारत निर्माण हेतु अहम कदम उठाये गए हैं। इसी प्रकार सैन्य क्षेत्र में भारत सरकार ने कारगर पहल की हैं। सेना को अत्याधुनिक रूप देने के साथ ही वन रैंक वन पेंशन का ऐतिहासिक फैसला भी केन्द्र की भाजपा सरकार ने लिया, जो साफ इंगित करता है कि हमारी सरकार देश की सुरक्षा में समर्पित सशस्त्र बलों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



भाजपा की ओर से चलाये जा रहे 'सम्पर्क से समर्थन' अभियान के अंतर्गत हमीरवास में नौ वर्ष में हुए विकास कार्यों की पुस्तिका 'सेवा के 9 वर्ष' भेंट करते सांसद राहुल कस्वा।

- **सभी वर्गों को साथ लेकर विकसित भारत निर्माण के ध्येय के साथ काम कर रही है केन्द्र सरकारः कस्वां**

इस दौरान सूबेदार बलदेव सांगवान, सूबेदार रामस्वरूप डूडी, हवलदार नरेन्द्र डूडी, कैप्टन रणसिंह श्योराण, हवलदार नरेश श्योराण, सूबेदार मेघाराम धांगड, हवलदार मोहरसिंह श्योराण, हवलदार सुरेन्द्र सिंह श्योराण, सूबेदार होशियारसिंह धांगड, सूबेदार धर्मपाल श्योराण, हवलदार जीवणराम झाझडिया, हवलदार श्रीचंद श्योराण, अध्यापक जुगलाल मेघवाल, हवलदार राकेश धांगड, अध्यापक रामस्वरूप, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ईश्वर जांगिड, अध्यापक महताब जांगिड, अध्यापक रामकुमार जांगिड, महताब सिंह विधुत विभाग, दयानंद बडीवाल, जागेराम बडीवाल, इंस्पेक्टर निहाल सिंह धांगड, सुमेरसिंह बडीवाल, मोहरसिंह झाझडिया, शेरसिंह झाझडिया, रामकुमार बडीवाल, विद्याधर भडीया, बलवीर श्योराण, कुलदीप श्योराण (जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ) आदि उपस्थित रहे।

## तहसील कार्यालय के सामने सड़क के बीच गड्ढा, बड़े हादसे का इंतजार

**मंडावा, (निसं)।** कस्बे के मुकुंदगढ़ मार्ग पर तहसील कार्यालय के सामने सड़क के बीचो- बीच बना गड्ढा हादसों को निमंत्रण दे रहा है। इस मार्ग पर दिन-रात वाहनों का आवागमन रहता है। उक्त गड्ढा पिछले दो-तीन महीनों से बना हुआ है एवं हाल ही में हुई बारिश से सड़क टूटने से गड्ढा और ज्यादा हो गया है।

तहसील कार्यालय के अलावा एसडीएम, पंचायत समिति कार्यालय भी पास में ही है। वही दिन में इस रास्ते से जिम्मेदार प्रधान, अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार भी गुजरते हैं लेकिन उनका भी ध्यान इस तरफ नहीं गया। सड़क पर बने इस गड्ढे के कारण दुपहिया वाहन चालकों के साथ हादसा भी हो चुका है और चोटिल भी हुए हैं लेकिन जिम्मेदारों ने फिर भी अपनी आंखें मूंद रखी है शायद उनको किसी बड़े हादसे का इंतजार है। वैसे तो इस को दुरुस्त करने का काम पीडब्ल्यूडी विभाग का है जब तक सही ना हो नगर पालिका प्रशासन इस पर मिट्टी आदि डालकर भी सही कर सकता है ताकि कोई बड़ा हादसा किसी के साथ ना हो।

वहीं दूसरी ओर इसी मार्ग पर एसडीएम कार्यालय के सामने सड़क पर गंदे पानी का भराव हो रखा है जो कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान की पोल खोलने के लिए काफी है वह भी सरकारी कार्यालयों के पास में, तथा कस्बे के अन्य कई रास्तों पर भी पानी का भराव हो रखा है जिससे पैदल राहगीरों सहित आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



मंडावा कस्बे के मुकुंदगढ़ मार्ग पर तहसील कार्यालय के सामने बीच सड़क पर बना हुआ गड्ढा।

## चिकित्साकर्मियों का सम्मान हुआ

**चिड़ावा, (निसं)।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर शहर के कबूतरखाना स्थित उप जिला अस्पताल में कार्यक्रम हुआ। बीसीएमओ डॉक्टर अनिल लाम्बा ने इस दौरान चिकित्साकर्मियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर लांबा पंचायत सरपंच किशना देवी, उप जिला अस्पताल, ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप केंद्रों पर कार्यरत चिकित्साकर्मियों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत आशा का सम्मान भी किया गया। सम्मान पाने वालों में सोलाना पीएचसी के एमओ डॉ. ओमप्रकाश चौधरी, बख्तावरपुरा पीएचसी के एमओ डॉ. आदित्य शर्मा, सुलताना सीएचसी की एमओ डॉ. ज्योति बुगलिया, सोलाना पीएचसी की एलएचवी सरिता, सोलाना पीएचसी के पीएचएस ओमप्रकाश, सोलाना के लेखा सहायक दर्शन सहल, सोलाना की एएनएम लक्ष्मी, महरामपुर के उप केंद्र की एएनएम सुशीला कुमारी, लांबा पीएचसी की एएनएम सुनीता, दिलाबरपुरा उपकेंद्र की एएनएम मरियम्मा, नालवा उपकेंद्र की एएनएम मनोज, कुरेशी नगर उपकेंद्र की एएनएम सरोज कुमारी, भुकाना उपकेंद्र की एएनएम सुलोचना, श्री अमरपुरा उपकेंद्र की एएनएम इंद्रावती, लोदिपुरा उपकेंद्र की एएनएम गीता कुमारी का सम्मान हुआ। वहीं कई आंगनबाड़ी केंद्रों की आशा भी सम्मानित हुई। जिनमें लाम्बा की संजू, मंजू, दिलावरपुरा की रुक्मणि, नालवा की बबिता, कुरेशी नगर की सिलोचना, सोलाना की मायावती, सुमित्रा, महरामपुरा की मुकेश, सुनीता, भुकाना की मीना, मोहिनी, श्योलालपुरा की विनीता, श्री अमरपुरा की प्रेम, लोदीपुरा की मंजू और गोवला की सुनीता सम्मानित हुई। जखोड़ा पीएचसी के लेखा सहायक संजय झाझड़िया, बख्तावरपुरा पीएचसी के राजेश और 108 ड्राइवर राजेश का भी सम्मान किया गया।

## राजगढ शहर की सभी सार्वजनिक जगहों पर लगेंगे हाइटेक कैमरेः डॉ. कृष्णा पूनिया



राजगढ़ कस्बे में लगने वाले सी.सी.टी.वी. कैमरों को लेकर सम्बोधित करती सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया।

- **राजगढ़ कस्बा क्षेत्र में 1 करोड़ 25 लाख की लागत के सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के टेंडर जारी**

**सादुलपुर, (निसं)।** विधायक कृष्णा पूनिया की एक सराहनीय सोच ने आपराधिक गतिविधियों को कम करने के लिए राजगढ कस्बा क्षेत्र में लगभग 1 करोड 25 लाख की लागत के सीसीटीवी कैमरे लगाने के टेंडर जारी हो गये हैं।

गौरतलब हैं कि गत दिनों विधायक डा. कृष्णा पूनिया ने नगर पालिका चेयरमैन चेयरमैन को डिजायर लिख राजगढ कस्बा क्षेत्र में बढती गतिविधियों व चोरी जैसे अपराध की रोकथाम के लिए कस्बा राजगढ में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अनुशंसा की थी। इस दौरान विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि राजगढ कस्बे में आपराधिक गतिविधियों में कमी लाने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मुख्य बाजार, चौक, चौराहा एवं राजगढ शहर में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएँगे। जिसकी लागत लगभग 1 करोड 25 लाख होगी। और कैमरे भी इतनी अच्छी क्वालिटी के लगेगे कि अगर 3 घंटे लाइट नहीं होगी तब भी सीसीटीवी कमरे काम करेंगे और अच्छी क्वॉलिटी के कमरे लगाने का वादा किया।

इसके साथ ही इन कैमरों के रख रखाव की जिम्मेदारी नगरपालिका राजगढ करेगी और कंट्रोल पुलिस थाना राजगढ की निगरानी में रहेगा। इससे आपराधिक गतिविधियों में कमी आएगी। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन रजिया गहलोत, नगरपालिका ईओ प्रियंका बुडानिया, पीसीसी सदस्य शिशुपाल पूनिया, नंदकिशोर मरोदिया पूर्व चेयरमैन, मंगतुराम मोहता पूर्व चेयरमैन, मदरसा बोर्ड के सदस्य लाल मोहम्मद भियानी, नगर अध्यक्ष पवन सैनी, नियाज मोहम्मद, डीवाईएसपी इस्लाम खान, पार्षद हैदर अली, मनीराम गनोलिया, हरद्वारीलाल मीणा, रफीक पहाडखानी, हबीब भाटी, सतपाल पांडिया सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चिड़ावा के विश्वकर्मा मंदिर में चोरी

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर की पुरानी बस्ती स्थित विश्वकर्मा मंदिर में मंगलवार दोपहर बाद चोरी की वारदात हो गई। चोरी हुई दानपेटी मंदिर के पीछे पड़ी मिली। जिसका लॉक खोलकर चोर रुपए चुरा ले गया। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में मंदिर के पुजारी घनश्याम खाना खाने के लिए मंदिर के पट्ट बंद कर घर गए थे। शाम को जब वे मंदिर पहुंचे तो दान पेटी गायब मिली। जिसके बाद उन्होंने मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों को सूचना दी। पुजारी ने छत पर जाकर देखा तो पेटी मंदिर के पीछे नोहरे में पड़ी नजर आई। जिसके बाद समिति संरक्षक मनोहर लाल जांगिड़, सचिव सुनील सिद्धड मंदिर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। जिसके बाद सभी मंदिर के पीछे नोहरे में पहुंचे जहां पर दान पात्र चेक किया गया। मौके से मात्र 75 रुपए मिले और बाकी चोर चुरा ले गए। पुजारी ने बताया कि दो साल से दान पात्र को खोला ही नहीं गया था। ऐसे में दानपात्र में कितने रुपए थे, इसका तो अनुमान नहीं है। लेकिन एक बड़ी राशि चोर चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

- **भगवान के दानपात्र को उठा ले गए चोर, मंदिर के पीछे नोहरे में मिली दानपेटी**

## विधायक मोदी ने तीन सड़कों सहित जी.एस.एस. का शिलान्यास किया



सड़कों का शिलान्यास करते विधायक सुरेश मोदी।

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने मंगलवार को 3 सड़कों व एक जीएसएस सब ग्रिड स्टेशन का शिलान्यास किया। ग्रामवासीयों ने विधायक मोदी को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक मोदी ने बताया कि छाजा की नांगल, अहीरो की ढाणी से हरिपुरा मोड तक, जिसकी लम्बाई 1 कि.मी. 45 लाख रूपये की लागत से बनेगी, हसामपुर लादी का बास सड़क से बक्सीपुरा जिसकी लम्बाई 1.50 कि.मी. 50 लाख रूपये की लागत से और रायपुर पाटन सड़क से नानगवास वाया नारदा सड़क नवीनीकरण जिसकी लम्बाई 3.00 किमी 90 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कार्य होगा। इन सभी सड़कों की गारंटी 5 साल की होगी, जहां बारिश का पानी भरता है वहां सी.सी. सड़क और शेष सड़क डामर से बनेगी। इन सड़को का निर्माण कार्य 8 माह में हो जाऐगा तथा सड़क का कार्य पूर्ण होने के बाद आमजन में आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। विधायक मोदी ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है, तथा हर गांव मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके लिये वे हमेशा फिक्रमंद है। क्षेत्र के विकास के लिये जनता कहे या नहीं कहे परन्तु हमारी जबावदेही में शामिल है।इन सड़को के निर्माण की मांग वर्षो से चली आ रही थी जो पूरी हुई। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहेगा।

सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगो तक पहुंचे, इसके लिए हर समय प्रयासरत हूं । मोदी ने यह भी कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। इसके लिए सभी गांवों में पक्की सड़क, बिजली, पेयजल, नाली सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही ग्राम कोला की नांगल में जीएसएस का शिलान्यास विधायक सुरेश मोदी द्वारा किया गया।

## 24 घंटे शराब ठेका खोलने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** गाँव भैंसली में राज्य सरकार द्वारा संचालित शराब ठेका शराब नीति के विरूद्ध चलाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम राजगढ को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की माँग की है। शहीद राजकुमार पूनियां नवयुवक मण्डल भैंसली के अध्यक्ष, अनुप, सुबेसिंह, भूपसिंह आदि सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि गाँव भैंसली में 24 घंटे शराब का ठेका खुल्ला रहता है, जो कि राजस्थान सरकार की शराब नीति के विरूद्ध है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि उन्होंने आबकारी विभाग राजगढ व चूरू, बीकानेर जोन हर जगह शिकायत की है मगर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। साथ ही आरोप लगाया है कि 24 घंटे शराब ठेका खुल्ला रहने के कारण गांव में आवारा लोग रातभर घुमते रहते है, जिसके कारण गाँव में दहशत का माहौल बना रहता है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कार्यवाही की माँग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर चूरू को भी भेजी गई है।

## मोहल्ला धाणकान में बरसाती पानी घरों में घुसा, लोग बाहर निकले

**सादुलपुर, (निसं)।** चाँदगोठी गाँव में अतिवृष्टी के कारण मौहल्ला धाणकान में बरसाती पानी भरने से घरों में पानी ने लोगों को घर से बाहर निकलने को मजबूर कर दिया है।

वहीं इसी मामले को लेकर सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां एवं प्रशासन ने महेन्द्र लुगरिया को मौका निरीक्षण के लिए अधिकृत किया। जिसके बाद महेन्द्र लुगरियां समाज के गणमान्य होने के कारण चाँदगोठी पहुंचे और समाज के लोगों से मिले तथा विचार विमर्श कर आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द विधायका से वार्ता कर पीडित परिवारों की मदद की जायेगी तथा पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था करवाई जायेगी।

इसी के साथ चाँदगोठी के सरपंच व पटवारी से भी वार्ता की गई। जिसमें पटवारी ने बताया कि हमने जगह चिन्हित कर ली है, तथा एक बार पानी की निकासी के लिए अस्थाई व्यवस्था की गई है जल्द ही आदेश मिलने पर पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था करवा दी जायेगी। इस अवसर पर समाज के गणमान्यजन विनोद बागडी, रामकुमार डाबला, बीरसिंह मोडवासी भी पीडित लोगों की कुशलक्षेप पूछने के लिए लुगरिया के साथ रहे।



चांदगोठी गांव में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण करने पहुंचे समाज के गणमान्यजन महेन्द्र लुगरिया व विनोद बागड़ी।

## दो ई-मित्रों पर कार्रवाई की

**नवलगढ़, (निसं)।** ई-मित्र की सेवाओं में सुगमता बनाए रखने एवं वित्तीय अनियमितताओं को रोकने के लिए समय-समय पर ई-मित्र कियोस्क धारकों की जांच की जाती है। ब्लॉक में उपखंड अधिकारी सुमन सोनल के निर्देश पर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा गठित टीमों द्वारा ग्राम पंचायत कारी के ई मित्र कियोस्क धारक संदीप कुमार के केंद्र पर अधिक वसूली तथा फर्जी मोहर लगी हुई पाई जाने के कारण 5000 रूपए की शास्ति लगाई गई। साथ ही ग्राम पंचायत लोहार्गल के ई-मित्र कियोस्क धारक मुकेश कुमार सैनी के ई मित्र पर भी अधिक वसूली पाई जाने के कारण 7 दिवस के लिए निलंबित किया गया। अपील है कि अगर किसी भी ई-मित्र पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं हो अथवा निर्धारित राशि से अधिक राशि वसूल की जाती है तो हेल्पलाईन 181 पर या सीधे सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग पंचायत समिति नवलगढ में शिकायत दर्ज करवाए।

## दो दिवसीय निःशुल्क मेडिकल शिविर का समापन



मुंबई से पधारे डॉक्टरों का लॉयंस क्लब की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

- **मुंबई से पधारे डॉक्टर्स का लॉयंस क्लब झुंझुनूं ने किया सम्मान**

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्टेशन रोड बॉम्बे कॉम्प्लेक्स के सामने वरदान मेडिजन (डॉक्टर जैन्स क्लीनिक) पर स्व. डॉ. जेसी जैन की 89वीं जन्म तिथि पर आयोजित दो दिवसीय निशुल्क मेडिकल शिविर समापन पर मंगलवार दोपहर शिविर में उत्कृष्ट सेवाएं देने हेतु मुंबई से पधारे डॉ. अभिजीत शाह एवं डॉ. साक्षी शाह का लॉयंस क्लब झुंझुनूं की ओर से दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने क्लब की ओर से स्व. डॉ. जैन परिवार का कैंप के सफल आयोजन पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्व. डॉ. जैन परिवार की ओर से शिविर में सेवाएं देने हेतु डॉ. एनएस नरूका, डॉ. अभिजीत शाह, डॉ. साक्षी शाह, डॉ. अनुश्री, लैब इंचार्ज चंद्रमोहन अग्रवाल एवं शिविर संयोजक लॉयन कैलाशचंद्र टेलर सहित अन्य जन को प्रतीक चिह्न भेंट किए गए।

शिविर का आयोजन स्व. डॉ. जेसी जैन एवं स्व. डॉ. कुंदन बाला जैन परिवार द्वारा लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में किया गया। दो दिवसीय शिविर में स्व. डॉ. जेसी जैन के दोहिते डॉ. अभिजित शाह मुंबई मूत्र, प्रोस्टेट, पथरी, गुर्दा रोग विशेषज्ञ एवं दोहिते की धर्मपत्नी डॉ. साक्षी शाह मुंबई चर्म रोग विशेषज्ञ द्वारा बालों की समस्या, मुंह पर झाइयां एवं त्वचा के रोगियों की जांच कर उन्हें निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया। रोगियों को शिविर में उपलब्ध 5 दिवस की दवाइयां निशुल्क वितरण की गई। जरूरत के अनुसार रोगियों की सभी प्रकार की जांच भी निशुल्क करवाई गई।

## अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विशेष शिक्षक लगाने की मांग, ज्ञापन सौंपा




मांग को लेकर विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया को ज्ञापन सौंपते क्षेत्र के प्रशिक्षित बेरोजगार।

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया को महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में विशेष शिक्षक लगाने हेतु मंगलवार को सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रशिक्षित बेरोजगारों ने ज्ञापन सौंपकर प्रत्येक विद्यालय में एक-एक विशेष शिक्षक लगाने की माँग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय और भारत सरकार द्वारा शिक्षा के अधिकार नियम के तहत संपूर्ण देश में और राजस्थान के प्रत्येक विद्यालय में एक-एक विशेष शिक्षक का पद अनिवार्य कर रखा है।

वहीं इसी क्रम में आज अंकित कुमार, दिवाकर, कौशल छापोला, प्रदीप व हरिश कुमार सहित अन्य कई बेरोजगारों ने सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि आगामी भर्ती में राजकीय अंग्रेजी माध्यम महात्मा गाँधी विद्यालय में एक-एक विशेष शिक्षक लगाया जाए तथा पीछे की गई भर्ती में रिक्त पदों की एवज में भी विशेष शिक्षक लगाए जाएं और विशेष शिक्षकों के पद बढाए जाएं। जिससे दिव्यांगजन और विशेष बच्चों को शिक्षा पाने में सहायता और सुविधा मिल सके। इस अवसर पर प्रदीप टाक, उमेश, कल्पना, निशा, रेनू, प्रियंका आदि भी उपस्थित रहे।

## बदहाल स्टैण्ड की दुर्गंध से ग्रामीण घुटन भरा जीवन जीने पर मजबूर

### नोरंगपुरा में प्रशासन ने बस स्टैण्ड की अब तक नहीं ली सुध

**सादुलपुर, (निसं)।** मामूली बरसात के बाद नोरंगपुरा गाँव के बस स्टेण्ड पर चार-चार फिट पानी भरने से लोग अपने घरों में खस्ता हाल स्टेण्ड की दुर्गन्ध से घुटन भरा जीवन जीने पर मजबूर हैं। साथ ही पानी निकासी अभाव में ग्रामीणों का बस स्टेण्ड पर आवागमन पूर्णत्या बंद हो जाता है।

दूसरी ओर इस प्रकार की विडम्बना पर प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लेने से ग्रामीणों में रोष है। वहीं जिला परिषद सदस्य सुमन सुलखनीया व पंचायत सदस्य सदस्य धर्मवीर सुलखनिया ने जिला परिषद में सीईओ को ज्ञापन सौंपकर पानी निकासी समस्या का स्थाई समाधान करवाने की माँग की है। सासंद राहुल कस्वां ने भी दिशा की मीटिंग में नोरंगपुरा बस स्टेण्ड पर पानी निकासी की समस्या पर बार-बार अवगत कराने पर भी अधिकारियो द्वारा संज्ञान ना लेने पर सख्त शब्दों से प्रशासन कों निर्देशित करते हुए कहा था कि आपकी लापरवाही आम जनता का जीवन अस्त व्यस्त कर देती है व जल्द से जल्द बस स्टेण्ड सुधार के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक राज्य सरकार के कर्मचारियों ने कोई सुध नहीं ली।

साथ ही हाल ही में हुई पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में प. स. सदस्य धर्मवीर सुलखनिया ने पहला मुद्दा ही नोरंगपुरा बस स्टेण्ड के सुधार का उठाया तथा रोष में आकर कहा की पिछलें 4 सालों से मैं बार-बार इसी मुद्दे कों उठाता हूँ, लेकिन प्रशासन के कान पर जुँ तक नहीं रेंगती, प्रशासन तो अपने घरों में मस्त है पर नोरंगपुरा बस स्टेण्ड के कीचड व बरसाती पानी ने लोगों के जीवन को नरक बना दिया है, स्टेण्ड की खस्ता हालात सात गाँवों के राहगीरों कों प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 10-15 मिनट की वर्षा से स्टेण्ड पर 4 फीट बरसाती पानी भर जाता है। जिसके कारण लोग अपने घरों में खस्ता हाल स्टेण्ड की दुर्गन्ध से घुटन भरा जीवन जीने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रतिनिधि केवल वादा करके जाने के बाद वापस नहीं लोटे। जि.प.स. सुमन सुलखनिया व प.स.स.धर्मवीर सुलखनिया ने कहा कि मेरे क्षेत्रवासियों के बीच रहता हूँ उनकी समस्या का जब तक हल नहीं होगा मैं चैन से नहीं बैठ सकता, ग्रामीणों का रोष चरम सीमा पर हैं इसलिए राजगढ एसडीएम व बीडाओ को जल्द से जल्द बस स्टेण्ड समस्या निवारण के लिए ज्ञापन सौंपा।

**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**
**समग्र शिक्षा, रतनगढ़ जिला चूरू**
फोन नं.-Email-:cbeortn@gmail.com

क्रमांकः-सीबीईओ/समसा/रतनगढ़/2023-24/29 दिनांक 11.07.2023

**खुली प्रतियोगी बोली आमंत्रण सूचना वर्ष (2023-24)**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण शिविरों में संभागियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन व्यवस्था व टेन्ट सामग्री एवं अन्य व्यवस्था हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

NIB- RSE2324A0454
UBN-RSE2324SSRC00883 (भोजन)
UBN-RSE2324SSRC00884 (बैठक व्यवस्था)

**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,**
**समग्र शिक्षा, रतनगढ़**